समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव – जुलाई 2025' की तैयारियों की समीक्षा, दिए विभागवार नियुक्तियों मे तेजी लाने के निर्देश।

Publisher

Published on 20 Jun 2025




## मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक मे CM भजनलाल शर्मा ने कहा— प्रत्येक पात्र युवा को रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता, लंबित भर्तियों को शीघ्र करे पूंर्ण।

सवांदाता, जयपुर,

राजस्थान

**जयपुर,राजस्थान : राजस्थान सरकार राज्य** के युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर देने हेतु '**मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव – जुलाई 2025**' का आयोजन करने जा रही है। इस संदर्भ में **मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा** ने सोमवार को **मुख्यमंत्री निवास, जयपुर** पर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर पात्र **युवा को समयबद्ध, पारदर्शी** और **गुणवत्तापूर्ण रोजगार** उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी **विभागीय अधिकारियों** को निर्देश दिए कि वे विभागवार लंबित भर्ती प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा करें और नियुक्तियों की अंतिम प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करें, ताकि जुलाई माह में आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव को सफल बनाया जा सके।

**लंबित भर्तियों पर विशेष जोर**

**मुख्यमंत्री** ने विशेष रूप से उन विभागों पर ध्यान देने को कहा, जहां वर्षों से भर्ती प्रक्रियाएं लंबित हैं। उन्होंने कहा कि लापरवाही या विलंब की स्थिति में जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी उत्सव केवल एक आयोजन नहीं बल्कि राज्य के युवा भविष्य को संवारने का एक अभियान है।

**CM के मुख्य निर्देश :**

१. **विभागवार लंबित भर्तियों की शीघ्र समीक्षा**
२. **चयन प्रक्रिया मे पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करे**
३. **पात्र अभ्यर्थियों को समय पर नियुक्ति पत्र दिए जाएं**
४. **जिला स्तर पर भी रोजगार उत्सव की तैयारी करे**
५. **जनसंपर्क विभाग और रोजगार पोर्टल पर प्रचार-प्रसार तेज करे**

**हर जिले मे होंगा रोजगार मेला**

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि **रोजगार उत्सव** के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा, जहां सरकारी विभागों के साथ-साथ निजी कंपनियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इससे न सिर्फ सरकारी बल्कि प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**हर घर खुशहाली, आपणो अग्रणी राजस्थान**

इस रोजगार उत्सव के माध्यम से सरकार **#हर_घर_खुशहाली और #आपणो_अग्रणी_राजस्थान** की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रही है। यह पहल मुख्यमंत्री के नेतृत्व में **युवा सशक्तिकरण की दिशा** में एक उल्लेखनीय प्रयास है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.